हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 जुलाई 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



06 करणी सैनिकों ने हाईवे पर किया चक्काजाम, समझाइश ...





07 2 घंटे की तेज बारिश से अंचल हुआ तरबतर




### श्रावण सोमवार पर विशेष : ग्राम गोंदलमऊ में गुप्तकालीन अद्भूत शिवलिंग है स्थित

# एक शिवलिंग जिस पर उभरी हुई हैं 1111 शिवलिंग की आकृतियां और आराधना का प्रमुख स्थल बना

## *एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है*



राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेड़ा

श्रावण माह को भगवान शिव की आराधना का विशेष माह माना जाता है। भगवान शिव की आराधना के लिए नगर सहित क्षेत्र में कई प्राचीन व अद्भूत शिवालय स्थित हैं। जिनमें ग्राम गोंदलमऊ में शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग जिस पर 1111 शिवलिंगों की आकृतियां उभरी हुई हैं, जो कि शिवभक्तों की आराधना का प्रमुख स्थल बना हुआ है। ग्राम गोंदलमऊ के शिवमंदिर में स्थापित यह शिवलिंग गुप्तकालीन है। श्रावण माह में यहां शिवभक्तों का मेला लगा रहता है जो भगवान भोलेनाथ की विशेष साधना-आराधना कर उन्हे जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बिल्व पत्र चढाते हैं।

ऊंची पहाड़ी पर बसे इस मंदिर के समीप अति प्राचीन बावड़ी व धर्मशाला के अवशेष आज भी मौजूद हैं। मंदिर के समीप सैकड़ों वर्ष प्राचीन एक विशाल नैसर्गिक तालाब भी है जो 350 बीघा से भी अधिक भूमि पर फैला हुआ है। इस शिवलिंग के चमत्कार के किस्से यहां के बुजुर्गों की जुबान पर आज भी हैं। एक चमत्कार यहां आज भी होता है। श्रावण मास व महाशिवरात्रि पर इस शिवलिंग की आराधना करने पंचमुखी नागदेवता यहां आते हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन रात्रि के समय में व श्रावण मास में एक बार पंचमुखी सफेद नागदेव भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इन नागदेवता के दर्शन भी किसी बिरले शिवभक्त को ही होते हैं। नागदेव के दर्शन करने वाले मंदिर के पुजारी ने बताया कि नागराज आकर शिवलिंग पर लिपट जाते हैं व अपनी साधना पूर्ण कर अदृश्य हो जाते हैं।

### प्रदेश में है एकमात्र शिवलिंग

बताया जाता है कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में यह एकमात्र ऐसा शिवलिंग है जिस पर 1111 शिवलिंग की आकृतियां उभरी हुई हैं जिन्हे आज भी स्पष्ट देखा जा सकता है। यह शिवलिंग लाल पत्थर का बना हुआ है। ऐसा ही एक शिवलिंग राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चंद्रभागा नदी के किनारे स्थापित है।

### कई दंपतियों को मिला है वरदान

इस चमत्कारीक शिवलिंग पर एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है। पुजारी नागर ने बताया कि यहां निःसंतान दंपती संतान प्राप्ति की मन्नत मांगते हैं जोकि पूरी होती है। ऐसे सैकड़ों परिवारों को भगवान भोलनाथ की कृपा से संतान प्राप्त हो चुकी है। आसपास के क्षेत्रों के अलावा देश के कई प्रांतों से यहां भक्त आते हैं और मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन करते हैं।

### खुदाई में निकलते हैं पुरातन अवशेष

ग्राम गोंदलमऊ ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ ग्राम है जिसका इतिहास पुरातन माना जाता है। किंवदंतियों के अनुसार पुराने समय में यहां कोई तीर्थ स्थान रहा होगा, जो धूलकोट आने पर दब गया होगा। इसी कारण यहां खुदाई के दौरान पुरातन महत्व के अवशेष निलकते रहते हैं। वर्षों पूर्व एक स्थान की खुदाई के दौरान जैन धर्म की कई प्राचीन मूर्तियों के अवशेष भी निकले थे जो आज भी उज्जैन के जयसिंहपुरा स्थित जैन समाज के संग्रहालय में रखी हुई है। महादेव मंदिर के समीप मौजूद बावड़ी व धर्मशाला के अवशेष भी उसी समय के प्रतित होते हैं। यदि यहां पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की जाए तो युगों पूर्व की संस्कृति के अवशेष मिल सकते हैं।

## जन-जन की आस्था का केंद्र जालेश्वर महादेव मंदिर

### सावन मास में शिव भक्तों का लगा रहता है तांता





नलखेड़ा। शिव उपासना के पुनीत पावन सावन मास में जालेश्वर महादेव मंदिर लालूखेड़ी पर शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। भक्तों द्वारा यहां पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक किए जा रहे हैं। नलखेड़ा आमला मार्ग पर स्थित प्राचीन व चमत्कारी जालेश्वर महादेव मंदिर आज जन-जन की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थान तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। सावन मास में इस मंदिर पर शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है, भक्तों द्वारा यहां पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के साथ ही विशेष पूजा अनुष्ठान व अभिषेक किया जा रहा है। रामायण पाठ का आयोजन भी मंदिर में हो रहा है। मंदिर प्रांगण में ही भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ का भव्य मंदिर बना हुआ है जहां पर हर माह की पूर्णिमा पर महिला मंडल द्वारा पूजन पढ़ाई जाती है तथा स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम भी होता है। मंदिर परिसर में अंजनी लाल वीर हनुमान के मंदिर के साथ माता वैष्णो देवी का मंदिर भी बनाया गया है जहां पर भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए हजारों पौधे

मंदिर समिति द्वारा इस मंदिर के प्रांगण में पर्यावरण सुरक्षा के लिए हजारों की संख्या में पौधे लगाए गए थे जो आज विशाल वट वृक्ष बनाकर यहां आने वाले श्रद्धालु भक्तों को जहां सुकून व छांव प्रदान कर रहे हैं, वहीं इस मंदिर पर प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा भी बिखेर रहे हैं। इस मंदिर के विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य भी पूर्व में कराए गए हैं। जिसमें विशाल यज्ञशाला के साथ ही विश्रामगृह का निर्माण कराया गया है। मंदिर रास्ते पर भव्य द्वार का निर्माण भी करवाया गया है।

### रविवार को पहुंचे हजारों भक्त

# मां बगलामुखी के आंगन में उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी के आंगन में रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। दर्शन के लिए भक्तों को इंतजार करना पड़ा लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी। इस दौरान हजारों भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। रविवार को अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। जैसे जैसे समय बीतने लगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। दोपहर होने तक आलम यह हो गया था कि दर्शनार्थियों की कतारें मंदिर परिसर के बाहर स्थित सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर को पार कर पार्किंग स्थल से श्मशान वाले मार्ग तक पहुंच गई थी। दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुवे मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे से दर्शन प्रारम्भ करवाये गए ताकि दर्शन जल्दी हो सके। इस दौरान तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी , थाना प्रभारी नागेश यादव ,कस्बा पटवारी रामपाल तोमर व प्रबंध समिति के कर्मचारी मुस्तेदी से व्यवस्थाएं बनाने में लगे हुए थे। सिद्धपीठ पर पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख शांति समृद्धि तथा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन- अनुष्ठान भी किए।



### बगलामुखी चौराहे से मंदिर मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए किया प्रतिबंधित

पार्किंग स्थल के अभाव में आये दिन मां बगलामुखी चौराहे से मंदिर मार्ग पर सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए जाने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। रविवार को थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा मां बगलामुखी चौराहे से मंदिर मार्ग को चौपहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। इस मार्ग से मात्र दोपहिया वाहन व पैदल दर्शनार्थी ही जा आ रहे थे। पुलिस प्रशासन की इस व्यवस्था से मंदिर मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित नही हुई। चौपहिया वाहनों को ईदगाह के सामने वाले मार्ग से मंदिर के समीप स्थित पार्किंग स्थल पर भेजा गया जब वहाँ स्थान नही रहा तो ईदगाह के सामने स्थित मैदान में वाहन खड़े करवाये गए।

# कुबेरेश्वरधाम के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह आगामी छह अगस्त को शहर के सीवन नदी तट से पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, इधर सावन के माह पहले दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न नदियों का जल लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचने का सिलसिला जारी है। सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं का शहर के अलावा भी ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवी संगठनों के द्वारा इनका निशुल्क रूप से शेड लगाकर निशुल्क रूप से जल, चाय आदि के साथ किया जा रहा है। इधर विठलेश सेवा समिति के द्वारा लगाई गई भोजनशाला में भी भोजन का वितरण किया जा रहा है।

आगामी छह अगस्त को निकाली जाने वाली कांवड यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के अलावा प्रशासन की बैठक का आयोजन किया जाएगा। करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली इस कावड़ यात्रा का 300 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों सहित अन्य द्वारा स्वागत किया जाएगा। महिलाएं केशरिया, पीली रंग की साड़यिों में तो पुरुष भगवा रंग के गमछे में रहेंगे। कार्यकर्ताओं समिति की टी-शर्ट में रहेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण ऑनलाइन किया जाएगा।



### तीन वर्ष से शामिल होते हैं कांवड यात्रा में

शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से आए विनाकर परिवार सहित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लगातार तीन सालों से कांवड यात्रा में शामिल हो रहे है वह आगामी छह अगस्त को भी कावड में शामिल होंगे। इसी प्रकार पिछल दो दिनों में करीब 15 हजार से अधिक कावड लेकर श्रद्धालु सीवन नदी से धाम पहुंचे है। इसमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित अन्य प्रांतों के श्रद्धालु शामिल है।

### जैन आगम शास्त्र की निकाली गई शोभायात्रा

# जैन समाज चातुर्मास में होगी विभिन्न धर्म आराधना

**नलखेड़ा।** जैन श्वेतांबर समाज का चातुर्मास 9 जुलाई से प्रारंभ हो गए हैं। चातुर्मास के दौरान समाजजन अपनी आत्मा के कल्याण तथा जीवन में परिवर्तन लाने के लिए गुरु भगवंतो की निश्रा में विभिन्न जप तप व अन्य धर्म आराधना करेंगे। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित साध्वीजी प.पू.रत्न निधि म.सा. , पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना होगी। आराधना की इसी कड़ी में कंठाभरण तप व श्रेणीक तप की तपस्या प्रारंभ होगी।

चातुर्मास के दौरान साध्वी मंडल द्वारा प्रतिदिन शास्त्र वाचन किया जाएगा। रविवार को प्रातः 9 बजे मंदिरजी से लाभार्थी जितेंद्र कुमार प्रेमचंद सकलेचा परिवार व चंद्रशेखर ताराचंद फाफरिया परिवार अपने सिर पर शास्त्र धारण कर जुलूस के रूप में उपाश्रय जी पहुंचें। जहां पर साध्वीजी को उत्तराध्ययन शास्त्र व अन्य शास्त्र व्होराया गया। जयंत कुमार प्रेमचंद धूपिया परिवार द्वारा शास्त्रजी की वासक्षेप पूजन कि गई।



### पद्मावती देवी आराधना व एकासना

साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका माँ भगवती पद्मावती देवी की भव्य सामूहिक आराधना 18 जुलाई शुक्रवार से प्रारंभ होगी। आराधना प्रति शुक्रवार को जैन उपाश्रय में प्रातः 10:15 बजे से प्रारंभ होगी।

# पौधारोपण व फल वितरण कर मनाया जन्मदिन



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा ने देव दर्शन, पौधारोपण व मरीजों को फल वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया। रविवार को सकलेचा द्वारा मां बगलामुखी व अन्य मंदिरों में देव दर्शन उपरांत महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र महाराज का आशीर्वाद लिया। उसके बाद शासकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। अस्पताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया गया।



### जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन प्रारंभ, उमड़ रहे श्रोता

# हम जैसे कर्म करेंगे उसका फल हमें भोगना पड़ेगा : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय संस्कृति में ही यह परंपरा है कि हम अपने बड़ों को विनय भाव से प्रणाम करते हैं, वहीं अपने से छोटों के प्रति स्नेह और प्रेम रखते हैं। विनय गुण सब गुणों में सर्वोत्तम गुण है। कर्म राजा के आगे किसी का जोर नहीं चलता हम जैसे कर्म करेंगे उसका फल हमें निश्चित ही भोगना पड़ेगा।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास के लिए विराजित रत्ननिधि म.सा. ने रविवार को जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन करते हुए उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहां विचार व्यक्त किए। साध्वी जी ने कहा की प्राणी मात्र के प्रति मैत्री, करुणा, दया के भाव यदि हमारे दिल में नहीं है तो हम तीर्थंकर बनने की योग्यता प्राप्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हमारे मन में जो विकार भरा हुआ है उसी के कारण घर परिवार के साथ भी मैत्री भाव नहीं है, एक परिवार के साथ हम मैत्री से नहीं रह सकते तो देश, समाज की बात तो बहुत दूर की बात है।





साध्वीजी ने कहा कि जैन संस्कृति में 45 आगमों में से उत्तराध्ययन सूत्र का बहुत महत्व है। पूर्वाचार्यो के उपकार से ही हमें इन शास्त्रों का श्रवण करने का लाभ मिल रहा है। भगवान महावीर स्वामी ने उत्तराध्ययन सूत्र मैं अनेक ऐसे सूत्र दिए हैं, जिनके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को सद्गुणों से संवार सकता है। उत्तराध्ययन सूत्र वहां सूत्र है जिसमें भगवान महावीर स्वामी ने अंतिम देशना दी है। साध्वीजी ने कहा कि भारत देश में अनेक धर्म, भाषा, वेशभूषा त्यौहार है। 12 माह ही किसी न किसी धर्म के त्यौहार यहां मनाए जाते हैं। भारत देश में त्यौहारों की परंपरा रही है अन्य देश में यहां विविधता देखने को नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि पर्व दो तरह के होते हैं लौकिक व लोकोत्तर पर्व, जिन शासन के अंदर जितने पर्व आते हैं उन्हें जप व तप के द्वारा मनाये जाते है। इसीलिए जिन शासन के जितने भी पर्व हैं वहां लोकोत्तर पर्व है। इन पर्व के दौरान हमारी आत्मा का उत्थान, विकास व सुरक्षा होती है। भारत के अंदर जैन धर्म की विविधता (विशेषता) का कारण पाप के प्रति दोषों का प्रतिहार करना है। जैन धर्म अहिंसा मय धर्म है, जिन शासन के अनुयाई किसी भी जीव की हिंसा नहीं करते हैं।

साध्वी जी ने कहा कि शरीर में रोग व्याप्त हो जाता है तो सत्ता और संपत्ति किसी काम की नहीं होती है। कर्म राजा के आगे किसी का जोर नहीं चलता है हम जैसे कर्म करेंगे उसका फल हमें भोगना निश्चित ही है। कर्म राजा किसी को छोड़ते नहीं तीर्थंकर की आत्मा व कृष्ण महाराज को भी कर्म राजा ने नहीं छोड़ा। धर्म ही अंतिम शस्त्र है जो हमें आधि, व्याधि, उपाधि से मुक्ति प्रदान कर सकता है। भारतीय संस्कृति की परंपरा है कि हम अपने बड़ों के प्रति आदर रखते हुए उन्हें विनय भाव से प्रणाम करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## मनीष ने रचा कीर्तिमान, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज



**देवास।** शहर के सिया गांव के होनहार संगीतकार मनीष देव ने संगीत के क्षेत्र में एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने मात्र 17 मिनट 31 सेकंड में 28 विभिन्न वाद्ययंत्र बजाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में अपना नाम दर्ज कराया है। मनीष ने हारमोनियम, मेलोडिका, काजू, युकुलेले, गिटार, बोंगो, डजेम्बे जैसे भारतीय और पाश्चात्य वाद्ययंत्रों पर अपनी सधी हुई पकड़ और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि की 23 जून 2025 को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस द्वारा आधिकारिक पुष्टि की गई। इस खास मौके पर मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय माँ के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, माँ का आशीर्वाद और गुरुजनों का मार्गदर्शन ही मेरी प्रेरणा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से देवास शहर में खुशी की लहर है, और संगीत प्रेमियों के बीच मनीष देव एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं।

## निराश्रित गोवंश के सिंग पर लगाए रेडियम



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गोवंश के वाहनों से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को गोवंशों के गले में रेडियम की पट्टी एवं सिंग पर रेडियम लगाने के निर्देश दिये है। इसी कड़ी में सतवास में गोवंश के सिंग पर रेडियम लगाए गए।उल्लेखनीय है कि देवास जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोवंशों के सिंग पर रेडियम लगाया जा रहा है, ताकि रात में भी उन्हें आसानी से देखा जा सके। इस पहल से न केवल गोवंशों की सुरक्षा होगी बल्कि सड़क पर चल रहे वाहनों की भी दुर्घटनाओं से बचाया जा सकेगा। रेडियम पट्टी से गोवंश दूर से दिखाई दे सकेंगे, इससे उनकी सुरक्षा के साथ ही सड़क पर आवागमन कर रहे वाहन भी आकस्मिक दुर्घटना से सचेत और सतर्क रहेंगे।

### हरदा में करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिले में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# करणी सैनिकों ने हाईवे पर किया चक्काजाम, समझाइश के बाद नहीं मानने पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर खदेड़ा





करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिले भर में रास्ता रोककर प्रदर्शन किया इंदौर-भोपाल हाईवे पर भी लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हरदा में करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर और करणी के सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना ने इंदौर-भोपाल स्टेट हाईवे चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान मार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चक्काजाम की सूचना मिलने पर एडीएम, एडिशनल एसपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। एडीएम व एडिशनल एसपी की समझाईश के बाद भी नहीं मानने पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर करणी सैनिकों को खदेड़ा। जाम की सूचना मिलते ही तत्काल बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी और यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने नाराज कार्यकर्ताओं से बातचीत की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। एडीएम बिहारी सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की, लेकिन कार्यकर्ता भोपाल बायपास पर डटे रहे। जब कार्यकर्ता लगातार समझाइश के बाद भी नहीं माने, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। पुलिस की कार्रवाई के बाद कार्यकर्ता मौके से भाग गए। इसके बाद पुलिस ने रुका हुआ यातायात फिर से शुरू करवाया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं का कहना था कि हरदा में करणी सेना के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से बात करने गए थे, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनकी मांग थी कि उन्हें भी गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान 100 से अधिक कार्यकर्ता करीब 50 मिनट तक इंदौर-भोपाल बायपास चौराहे पर बैठे रहे। चक्काजाम के कारण मार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि करणी सेना की मांग थी कि उनके नेता के साथ कोई कार्रवाई हुई है। प्रदर्शनकारियों को स्पष्ट रुप से बता दिया गया था, इनको हिदायत देने के बाद में बल का प्रयोग कर हटाया है। स्थिति पूर्ण रुप से सामान्य है। जिन वाहनों में डंडे मिले हैं उन वाहन मालिकों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध होंगे।

### सेना ने चापड़ा चौराहे पर किया जकाजाम

करणी सेना परिवार के मुखिया जीवन सिंह शेरपुर के साथ हरदा में हुए लाठी चार्ज के विरोध में इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित चापड़ा चौराहे पर लगभग 20 मिनट तक चक्काजाम किया गया। करणी सेना परिवार के नगर अध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत ने बताया सुनील सिंह राजपूत द्वारा न्याय मांगने पर उन पर पुलिस ने लाठियां चलाई। इसके ही विरोध में जीवन सिंह शेरपुर हरदा पहुंचे लेकिन पुलिस प्रशासन ने आंसू गैस के गोले वाटर कैनन का इस्तेमाल करके करणी सेना परिवार के मुखिया जीवन सिंह पर लाठियां बरसाई उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके विरोध में सैकड़ों करणी सैनिकों ने चापड़ा चौराहा पर चक्का कर पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान जयपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह राजावत, लड्डू बना, राजा सिंह मोखापिपलिया, प्रदीप सिंह भमोरी, अजय बन्ना इकलेरा, ईश्वर सिंह, अरुण बन्ना गुराडिया ,राहुल सिंह अवल्दा, आशीष सिंह, जयबन्ना चापड़ा, भवानी बन्ना बागली आदि करनी सैनिक उपस्थित थे।

### खातेगांव में भी किया प्रदर्शन

खातेगांव में भी करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रविवार को इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास चक्काजाम कर दिया। यह प्रदर्शन हरदा में हुए लाठीचार्ज और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। जाम के कारण हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गईं। सूचना मिलते ही एसडीओपी आदित्य तिवारी और टीआई विक्रांत झांझोट मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया कि चक्काजाम से आम लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि हरदा मामले का समाधान यहां प्रदर्शन से नहीं होगा। पुलिस की समझाइश और लोगों की परेशानी को देखते हुए करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने 15 मिनट बाद जाम खोल दिया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो गया। करणी सेना के नेता अजय राजावत और राजकुमार राजपूत ने बताया कि उनके कार्यकर्ता हरदा में शांतिपूर्ण बातचीत के लिए गए थे, लेकिन पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

## शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल, निशुल्क ट्यूशन क्लास का हुआ शुभारंभ

**देवास।** सेवा के क्षेत्र में सतत कार्यरत संस्था मानस द्वारा समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक और अभिनव पहल करते हुए पाँचवीं से दसवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए निःशुल्क ट्यूशन क्लास का शुभारंभ किया गया। यह क्लास आईटीआई परिसर में आयोजित की जाएंगी, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा, प्रोफेसर डॉ. समीरा नईम, एवं आईटीआई प्राचार्य रोहित संतोष की उपस्थिति में संपन्न हुआ। निःशुल्क शिक्षण का समय प्रतिदिन शाम 5 से 6.30 बजे तक रहेगा, जिसमें बच्चों को अंग्रेज़ी, हिंदी, विज्ञान और गणित जैसे विषयों की विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई करवाई जाएगी। विशेष बात यह है कि इस शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक दिन आधा घंटा फिजिकल एक्टिविटी के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें खेल शिक्षक के साथ-साथ भारतीय सेना के पूर्व सैनिक भी अपनी सेवाएं स्वेच्छा से देंगे। साथ ही, बच्चों को आत्मरक्षा हेतु लाठी और तलवारबाज़ी का प्रशिक्षण भी साप्ताहिक रूप से प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सचिव राजेश पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर राठौड़, जगदीश परिहार, जगदीश सिरोलिया, विजय ठाकरे, और शुभांगी जलोरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समर्पित शिक्षकों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। मुख्य अतिथि ज्योति शर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन के मूलभूत संस्कारों जैसे स्वच्छता, शिष्टाचार, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व को समझाया।

## जन संवाद कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने दिए अपराध रोकने संबंधी सुझाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना द्वारा ग्राम नागुखेड़ी की चौपाल पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटील उपस्थित थे।

जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जसवंत दिवानिया ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी पाटील ने ग्रामीणों को अपराध से संबंधित मामलों, उनके समाधान और पुलिस सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। यह एक सकारात्मक पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को बढ़ाना है।

थाना प्रभारी पाटिल ने स्थानीय नागरिकों से मिले और उनकी समस्याएं को सुना। उन्होंने कहा कि जन संवाद से पुलिस और समाज के बीच पारदर्शिता बढ़ती है, जिससे आपसी भरोसा विकसित होता है। नागरिकों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस स्थानीय अपराधों को रोकने के लिए रणनीति बना सकती है। पुलिस कानून, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक नियम आदि पर लोगों को जागरूक करती है। छात्रों व युवाओं को पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी देना और उन्हें समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करना है। कार्यक्रम में सचिव आनंद सिंह ठाकुर सहित ग्रामीणजन कमल सिंह दरबार, अर्जुन सिंह पटेल, दिलीप शर्मा, प्रकाश पटेल, विष्णु झिनवाल एवं जवाहर पटेल उपस्थित रहे। जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

## बारिश में देवास-भोपाल फोरलेन पर कीचड़ ही कीचड़



**भौरासा।** नगर व क्षेत्र के आसपास हुई शनिवार को 3 घंटे की झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए। वहीं ग्रामीण इलाकों में जल जमाव की स्थिति भी निर्मित हो गई जिससे राहगीरो को परेशानी हो रही है। कई मकानों में पानी भी घुस गया था व रोड के दोनो साइडो मे मूर्रम की जगह लाल मिट्टी डाल दी गई है जिससे वाहन चला रहे हैं राहगीरों को तकलीफों का सामना करना पड़ा। वही ग्रामीणों का आरोप है कि भोपाल रोड पर टोल कंपनी टोल तो पूरा वसुल रही है लेकिन व्यवस्थाएं ठीक से नहीं दी जा रही है। जब इस रोड पर से दो बस क्रॉस होती है तो मोटरसाइकिल चालको तो साइड से निचे उतरना पड़ता है। साइड से निचे उतरने के चक्कर में वे कीचड़ में फंस जाते हैं। देवास भोपाल फोरलेन टोल प्लाजा कंपनी के द्वारा देवास से सोनकच्छ के बीच में दोनों साइडों पर मूर्रम की जगह लाल मिट्टी से साइड भराव कर दिया गया है जिससे थोड़ी सी ही बारिश में पूरे रोड पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया है जिससे टू व्हीलर चालक स्लिप होकर रोड पर गिर रहे हैं जिस कारण जनहानि भी हो सकती है।

## नागदा में बकरी पर तेंदुए ने किया हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नागदा पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए ने एक बार फिर बकरी पर हमला किया है। शंकरगढ़, पालनगर और नागदा पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुओं की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं।हाल ही में पालनगर में दो पालतू कुत्तों पर तेंदुए के हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। अब नागदा पहाड़ी पर सत्तार बेली निवासी नागदा की बकरी को निशाना बनाया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, इस क्षेत्र में दो तेंदुए सक्रिय हैं। ये जानवर कुत्तों के साथ-साथ भेड़-बकरियों को भी निशाना बना रहे हैं।शनिवार को एक ताजा घटना में, पालनगर निवासी विक्रम डोसी की बकरी पर तेंदुए ने हमला किया। विक्रम अपने खेत पर बकरी चरा रहे थे।

तेंदुए ने बकरी की गर्दन पकड़ ली और उसे घायल कर दिया। विक्रम के शोर मचाने पर तेंदुआ बकरी को छोड़कर भाग गया।वन विभाग के एसडीओ एस शुक्ला ने कहा कि उन्हें बकरी के शिकार की कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्ति को मुआवजा दिया जाएगा। वन विभाग की टीम शंकरगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में निरंतर गश्त कर रही है।

### इंदौर-बैतूल हाईवे पर कालीसिंध नदी में गिरी कार, नहीं थम रहे हादसे

# आखिरकार जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण दो की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल हाईवे पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या कि कालिसिंध नदी अब हादसा नदी बन चूंकि है। उक्त नदी पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार नदी में वाहन गिरने के हादसे हो रहे हैं। आखिरकार एक बार फिर नदी पर एक बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें दो व्यक्ति की मौत हो गई व दो घायल हुए। जानकारी अनुसार रविवार सुबह स्विफ्ट कार पी बी 70 जी 2498 में सवार होकर चार व्यक्ति हरदा कि ओर से इंदौर जा रहे थे,उसी दौरान कालिसिंध नदी का पुल पार करने के दौरान कार सहित नदी में गिर गए। नदी में पानी होने के कारण कार पानी में डूब गई, जानकारी लगते ही पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर,पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी राकेश नरवरिया तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पानी में से व्यक्तियों को बाहर निकाला।

हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई,दो गंभीर घायल हो गए। उक्त पुल पर लगातार हादसे हो रहे हैं,पुर्व में भी कई बार छोटे बड़े वाहन नदी में गिर चुके हैं। बदहाल पुल व हादसों को लेकर विगत एक वर्ष से हरिभूमि में खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया गया, लेकिन जिम्मेदार तो हादसे के बाद ही निंद से जागते हैं,ओर आज वही हुआ ओर शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हुआ ओर दो ने जान गंवा दी।प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि रोड गश्त के चलते वह घटना स्थल पर ही थे, हादसा होते ही स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल चारों लोगों को पानी उतर कर कार से बाहर किया गया, लेकिन जब तक रेस्क्यू होता दो ने दम तोड दिया। चारों मदुरई चेन्नई के रहने वाले हैं। नरवरिया ने बताया कि दोनों के शव का शासकीय अस्पताल बागली पर पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।यह पुल अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ है,भाजपा के दिग्गज नेताओं के क्षेत्र से यह मार्ग गुजरता है, लेकिन आज तक किसी ने भी कालिसिंध नदी के पुल के नवीन निर्माण को लेकर पहल नहीं की जिसका परिणाम है कि आए दिन यहां पर हादसे हो रहे हैं और आज दो व्यक्तियों को जान गवना पड़ी। हादसे में अन्नंदराज पिता सीगारामन 40 वर्ष इंदौर ,ओ पी पिता अकरीराम इंदौर कि मौत हो गई है एंव इलयाराजा पिता खरपततेवर ,उच्चातेवर पिता अममांगर जयपुर घायल हुए। जों की उपचार के बाद स्वस्थ हैं।



**काली सिंध नदी पर नहीं थम रहे हादसे, ट्रक पुल से गिरा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या की कालीसिंध नदी के पुल पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार वाहन पुल पर से नदी में गिर रहे हैं। हालांकि इन हादसों में अभी तक कोई बड़ी जनहानि सामने नहीं आई हैं।शनिवार देर रात मूंग की बोरियों से भरा ट्रक नदी में गिर गया। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी अनुसार मूंग से भरा एक ट्रक पुल पार कर रहा था,उसी दौरान ट्रक का एक पहिया पुल से नीचे उतर गया, जिससे ट्रक लटक गया। जिस कारण पुल पर कुछ समय के लिए जाम भी लग गया था।

जब उक्त ट्रक को पुल से हटाने का प्रयास किया गया तो ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी में गिर गया। बता दे की पूर्व में भी इस प्रकार के कई बार हादसे हो चुके हैं। विगत दिनों भी एक लोडिंग आईसर, जेसीबी मशीन ,कंटेनर, डंपर सहित कई वाहन पुल पर से नदी में गिर चुके हैं, लेकिन फिर भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसका मुख्य कारण यह भी बताया जा रहा है कि पुल की चौड़ाई कम है और दोनों तरफ से वाहन चालक तेज गति में आते हैं और पुल पार करने की दूरी को समझ नहीं पाते हैं और ऐसे में हादसे का शिकार हो जाते हैं। पुलिस सहायता केंद्र चापडा प्रभारी राकेश नरवरिया बताया कि ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह मूंग की बोरियों सहित पानी में नदी में गिर गया। हालांकि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



**जागे जिम्मेदारः ग्राम मोखाप्पिल्या के पास काली सिंध नदी के पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से को किया रिपेयर**

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या की कालीसिंध नदी का पुल एक तरफ से क्षतिग्रस्त हो चुका था। जिसकी और जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे थे, यदि समय रहते उक्त क्षतिग्रस्त हिस्से को रिपेयर नहीं किया जाता तो बारिश के दिनों [illegible] के चलते बड़े हिस्से में खाई बन गई थी, जिससे कभी भी उक्त हिस्सा धराशाई हो जाता और मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित हो सकता था, जिसको लेकर जनहित के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए, हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को [illegible] पुनः खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया गया। उक्त खबरों को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने भी संज्ञान में लेते हुए टीएल मिटिंग में रखा था, जिसके बाद जिम्मेदार एन एच ए आई विभाग एवं श्रीजी कंपनी के [illegible] वहां पर दोबारा गड्ढा हो चुका था, जिसे भी रिपेयर किया गया है। साथ ही जिस हिस्से से मिट्टी का कटाव होकर खाई बन रही थी, वहां पर भी सीमेंट कंक्रीट कर उसे भी बंद किया गया है। राजेश दुग्गड , रामेश्वर जाट, विनोद पाटीदार ने कहा कि हरिभूमि अखबार ने जनहित का मुद्दा उठाया और आज उक्त पुल के [illegible]

### इन लोगों का रहा सहयोग

हादसा होने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत ही नदी में छलांग लगा दी ओर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाल दिया। इस दौरान सूरज सिंह गेहलोद,अर्जुन गेहलोद,राजपाल गेहलोद, अर्जुन बनेसिंह गेहलोद,बाकिल दुबे, विजय गेहलोद, राजेंद गेहलोद राहुल जाट का अहम योगदान रहा है।

## डॉ. नागर बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

राष्ट्रीय महामंत्री समंदर सिंह पटेल ओसियन मोटर्स अध्यक्ष, युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड एवं पूर्व जिला न्यायाधीश करण सिंह भंडारी मध्य प्रदेश अखिल भारतीय धाकड महासभा दिनेश मल्हार अध्यक्ष की अनुशंसा पर अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा भारत वर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ कोटा राजस्थान के द्वारा भौरासा नगर के डॉ रूप सिंह नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा भारत वर्ष के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया व इन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उनके साथ में इंदर सिंह नागर घिचलाय, डॉ. गोकुल नागर, रनायरकला, दौलत राम जी कोटा राजस्थान मौजूद थे।

इनकी नियुक्ति पर कमल सिंह नागर सोनकच्छ, रामप्रसाद पटेल घिचलाय, बाबूलाल मदन सिंह जेतपुरा, निर्भय सिंह सरपंच बरोठा, जितेंद्र नागर काकड़ादा, राजेश धाकड़ गुनाई, रामचरण नागर, अनिल नागर, रूप सिंह, मंत्री राहुल नागर, कुलदीप सिंह नागर आदि लोगों ने बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### हुसैन शाह बने मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदर



**जावर।** नगर की ईदगाह परिसर में मोहर्रम के बाद मुस्लिम समाज की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें हुसैन शाह को आगामी त्यौहारों को लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी का सदर बनाया गया। हुसैन शाह को सदर बनाए जाने पर उनके इष्ट मित्रों एवं समाज जनों ने बधाई दी इस अवसर पर हुसैन शाह ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करूंगा।

### केजी बैरागी का किया सम्मान

**सीहोर।** मीडिया संघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी का सम्मान करते हुए पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। बैरागी ने समाज के गरीब तबके के लोगों को शासकीय सेवा में रहते हुए रोजगार के साथ कर्मचारियों की समस्याओं के लिये आन्दोलन कर उनको न्याय दिलाया तथा पत्रकारिता जगत में पत्रकारों की समस्याओं के लिये कार्यक्रम आयोजित कर उल्लेखनीय कार्य किये हैं तथा समाज की मूलभूत समस्याओं को उठाकर जिला प्रशासन तक पहुंचाया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदीप समाधिया, प्रदीप चौहान, ए.आर.शेख मुंशी, आशीष गुप्ता, अशोक समाधिया, श्याम सोनकर, राकेश झा, कमलेश परमार, धर्मेन्द्र वाजपेयी, मीडिया संघ के अध्यक्ष नितिन जोहरी, पवन विश्वकर्मा, सक्षम पालिवाल, नरेन्द्र खंगराले, इंजि.जितेन्द्र सिंह, सलभ चौहान, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कचरे के ढेर बिगाड़ रहे शहर की सुंदरता, रहवासियों के लिए बनी परेशानी

# अलसुबह निकलते हैं सैकड़ों लोग, स्कूली बच्चों के बीमार होने की रहती है आशंका

नगर के वार्डों, मोहल्लों का कचरा एकत्रित कर कचरा जगह-जगह छोड़ दिया जाता है लेकिन अब यह कचरे के ढेर ही परेशानी और बीमारी का कारण बन रहे हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका द्वारा लगातार नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाता है तो वहीं दूसरी और नगर पालिका स्वयं भी स्वच्छता अभियान के तहत शहर को सुंदर बनाने की जद्दोजहद में लाखों रुपए फूंक देती है लेकिन लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद परिणाम जस के तस नजर आते हैं हालत ऐसे है कि शहर के तमाम वार्डो, मोहल्लों का कचरा एकत्रित कर जिन कचरा हड्डियां पर जमा किया जाता है अब वहीं कचरा हड्डियां स्थानीय रहवासियों के लिए परेशानी और बीमारी का सबब बन रही है तो वहीं दूसरी इन कचरा हड्डियां के चलते नगर की सूरत भी बिगड़ रही है

### कचरे के ढेर बने बीमारियों का घर, आवारा पशुओं का लगा रहता है डेरा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को इन दिनों शहर की कचरा हड्डियां मुंह चिढ़ाते हुए नजर आ रही हैं आपको बता दें की नगर के मुख्य मार्गो पर बनी इन कचरा हड्डियां पर लगे कचरे के ढेरों से जहां स्थानीय निवासियों को बदबू, गंदगी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो वहीं इन कचरा हड्डियां की गंदगी से इन्हें कई तरह की बीमारियों से भी जूझना पड़ रहा है तो वहीं आवारा, लावारिस पशुओं का भी यह जमावड़ा लग रहता है जिसके चलते अब स्थानीय लोग इन कचरा हड्डियां को हटाने की मांग कर रहे हैं

### नगर की सुंदरता हो रही प्रभावित, छोटे बच्चे हो रहे बीमारी के शिकार

आपको बता दें कि नगर की अधिकांश कचरा हड्डियां प्रमुख चौराहों और मार्गों पर बनी है जिससे जहां शहर की सुंदरता तो प्रभावित हो रही है वही इन कचरा हड्डियों की गंदगी, बदबू से यह से आवाजाही या स्थानीय रहवासी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं जगह-जगह लगे हुए कचरे के ढेर शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। आपको बता देवे कि सबसे ज्यादा गंदगी वार्ड 17 अंतर्गत पुष्प स्कूल के पीछे वाले मुख्य मार्ग पर बनी कचरा हड्डी से हो रही है और सबसे बड़ी खास बात यह है कि इस मार्ग पर संचालित होने वाले दो बड़े प्रायवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी यही से होकर गुजरते हैं जिसके चलते इनके स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ना लाजमी है वही इस कचरा हड्डी के पास रह रहे रहवासी भी यह फैली गंदगी से भी बहुत परेशान है वही कुछ ऐसे ही हालत वार्ड 8 के काजीपुरा के भी यह बनी कचरा हड्डी भी स्थानीय लोगों के मुसीबत के साथ बीमारी का सबब बन रही है लिहाजा समय से यहां की कायदे से सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में सड़क किनारे के वार्डों में गंदगी से बीमारियां पनपने की आशंका बढ़ती जा रही है। शहर में इन कचरा हड्डियों के कारण लगे गंदगी के ढेरों के कारण लोगों का जीना दूभर होग गया है, जिन दुकानों व घरों के पास गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उनको हर समय बदबू के कारण नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ा रहा है। सुबह के समय जब लोग सैर करने के लिए निकलते हैं तो उनको शुद्ध हवा की जगह बदबू का सामना करना पड़ता है।

### प्रतिदिन अलसुबह निकलते हैं स्कूली बच्चे, बीमारियां फैलने का बना डर

शहर के दो निजी स्कूल पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल और एंजल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चे रोज प्रतिदिन अलसुबह अपने माता पिता के साथ जब इन कूड़ों के ढेरों के पास से निकलते हैं तो वे भी प्रदूषित हवा का शिकार हो जाते हैं। वहीं रोज मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग भी काफी परेशान होते हैं लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों का इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है जिसके कारण लोगों को अपनी समस्याओं के लिए फेसबुक, सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ता है।

# 2 घंटे की तेज बारिश से अंचल हुआ तरबतर

**निचले इलाकों में बनी जलभराव की स्थिति**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा क्षेत्र में शुक्रवार शाम 6 बजे बाद से करीब 2 घंटे हुई बारिश से पूरा अंचल तरबतर हो गया। इधर बुधवारा क्षेत्र में आज फिर बारिश के कारण जलभराव हो गया जिससे नागरिकों को परेशानी उठाना पड़ी। बता दे की तीन-चार दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी जबकि इस समय बारिश की किसानों को भी आवश्यकता थी और शुक्रवार को सुबह तो धूप निकली लेकिन शाम 5 बजे बाद मौसम बदला और 6 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई बारिश से कई क्षेत्रों में जल भराव के चलते परेशानी भी उठाना पड़ी।

बारिश से सबसे ज्यादा फायदा किसानों को आष्टा क्षेत्र में लगभग बोवनी कार्य पूरा हो गया है और अब किसानों को तेज बारिश का इंतजार है तीन-चार दिनों से बारिश नहीं होने कारण किसान भी चिंतित नजर आ रहे थे क्योंकि अगर एक-दो दिन और बारिश नहीं होती तो फसल खराब होने का अंदेशा था लेकिन आज भी बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा हुआ है। जरा सी बारिश में बुधवारा , सब्जी मंडी क्षेत्र में होता है जलभराव शुक्रवार को हुई बारिश से एक बार फिर से बुधवारा, परदेसीपुरा, सब्जी मंडी मार्ग क्षेत्र में पानी पानी हो गया 2 घंटे की बारिश से जलभराव के चलते दुकानदारों के साथ-साथ आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ी। क्षेत्र के मनोहरलाल चौरसिया, दिलीप मेवाड़ा ने बताया है कि कई बार जनप्रतिनिधि के साथ-साथ नगर पालिका के अधिकारियों को भी बता दिया लेकिन अभी तक यहां के जल भराव की समस्या को कोई भी हल नहीं कर सका है बारिश के चार महीने यहां के दुकानदारों को परेशानी उठाना पड़ती है जरा सी बारिश में कई बार दुकानों में पानी घुस जाता है जिससे आर्थिक नुकसान भी होता है।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया है कि बुधवारा क्षेत्र में जलभराव की समस्या को देखते हुए पिछले दिनों ही जुम्मपुरा के बड़े नाले की सफाई की गई थी। अमले को निर्देशित किया है कि जहां भी बारिश के कारण जल भराव की स्थिति बने उसे दूर किया जाए।

# विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व, अभियान के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री श्यामपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से आचार्य स्वामी महादेवानंद, सरपंच नवीन ताराचंद चौहान, ग्राम पटेल लक्ष्मण सिंह ठाकुर के आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती कि सर्व प्रथम पूजन के पश्चात संस्था प्रमुख फ्रास्सिंका बारा द्वारा अतिथिगणों का पुष्प गुच्छे से स्वागत किया। इसी के साथ ही




सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी स्वागत किया गया। शाला के बच्चों के द्वारा मां शारदा कि स्तुति की गई। इसके बाद गुरु का जीवन में योगदान तथा महत्व कितना जरूरी है पर प्राचार्य फ्रास्सिंका बारा द्वारा प्रकाश डाला गया। अतिथि गणों द्वारा प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से लेकर वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को सदा गुरु की आज्ञा और मार्गदर्शन अनुसार कार्य करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर पी एम श्री के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने इस परम पुनीत अवसर पर एक दूसरे को तिलक लगाकर गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधरोपण किया गया।

### अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जावर।** महिदपुर रोड परम पूज्य पीतांबर विजेता आचार्य यतींद्र सुरिश्वर द्वारा संस्थापित और पुण्य सम्राट आचार्य जयंत सेन सुरी द्वारा अभिसिंचित व गच्छाधिपति आचार्य नित्य सेन सुरी, आचार्य जयरत्न सुरि द्वारा संचालित अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद शाखा महिदपुर रोड कि नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिवस महिला परिषद की संरक्षक पुष्पा कोचर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अलका कोचर को अध्यक्ष, सचिव राजु व्होरा, उपाध्यक्ष सीमा चत्तर को सर्वानुमति से नियुक्त किया गया परिषद संस्था चार उद्देश्यों को लेकर समाज संगठन, धार्मिक शिक्षा प्रचार ,समाज सुधार एवंआर्थिक विकास के उद्देश्यों को लेकर सदैव प्रगति के पथ पर कार्य करते उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर गतिशील रहती है। जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया ,समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं परिषद परिवार के साथियों ने नव नियुक्त पदाधिकारीयों को मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भीलखेड़ी सड़क सेक्टर कोठरी द्वारा ग्राम बोरखेड़ा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एवं निपानिया कला में ग्राम पंचायत प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम, जामफल, अशोक के छायादार ,फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोरखेड़ा के अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि हमीर सिंह, चंद्रशेखर पटेल, दयाराम बागवान, कालूराम जगन्नाथ, बने सिंह मालवीय, पदम सिंह, संजय शिक्षक विजेंद्र सिंह वर्मा, अजब सिंह किरण शर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीण जन अधिक संख्या में पौधे लगाए क्योंकि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी हे पौधारोपण कार्यक्रम को जन अभियान बनाए साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लें।

# सांसारिक मामा-भांजे का दीक्षा के 12 साल बाद हुआ मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सांसारिक जीवन को छोड़कर संयम के मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण करने वाले साधु-संतों का अपने सांसारिक परिजनों व रिश्तेदारों से मिलना कब होगा, निश्चित नहीं है। नगर में चातुर्मास करने के लिए समाज की विनती पर अपने - अपने आचार्य भगवंत के आदेश पर पधारे तीन मुनिराजों में दो सांसारिक रिश्ते में मामा - भांजा है। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज



के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज एवं श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज सांसारिक रिश्ते में मामा - भांजा है।

मुनिश्री सानंद सागर जी एवं मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने जैसे ही एक - दूसरे को देखा तो उन्हें अपने सांसारिक मिलन की याद ताजा हो गई। दोनों का मिलन हुआ और सानंद सागर जी ने अपने मुनिश्री सजग सागर मुनिराज से परिचय करवाकर मिलवाया।दो मुनि संघ के मुनियों के आत्मीय मिलन को देखकर उपस्थित समाजजन भाव विभोर हो गए। अनेकों श्रद्धालुओं ने उक्त पल को अपने - अपने मोबाइलों में फोटो लेकर रखा। आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि आज चातुर्मास के साथ हमने अपनी सीमाएं बांध ली है।चातुर्मास में मनुष्य पर्याय को सार्थक करने के लिए धर्म की क्रियाएं कर अपनी दृष्टि सम्यकदृष्टि बनाएं। चारित्र ही धर्म है और ज्ञान की शोभा चारित्र है।वह दर्शन और चारित्र को संभालता है। भगवान के पास संसार के निमित्त से नहीं आएं। हमारे भगवान तो वीतरागी है और हम अहिंसा के उपासक हैं।

# मैत्री ग्रुप की महिलाओं ने संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की महिलाओं के मैत्री ग्रुप ने जिला मुख्यालय पहुंचकर संकल्प वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ बैठकर उनके सुख-दुख को साझा किया तथा आगामी दिनों के लिए स्वल्पाहार सौंपा और अपने हाथों से स्वल्पाहार कराया। सीहोर के संकल्प वृद्धाश्रम में जब नगर की मैत्री ग्रुप की महिलाओं की टीम पहुंची तो वहां बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों के चेहरों पर अपने वाले लोगों के आने की खुशियां नजर आई। बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराने के दौरान मैत्री ग्रुप की महिलाओं से उन्होंने अपने परिवार की बातें भी साझा की। सभी बुजुर्गों ने सभी को बहुत आशिर्वाद दिया और कहा कि आप सभी के आने से हमें ऐसा लगा की हमारी बहू - बेटियां आई है।आप सभी के वात्सल्य भाव से हम अनुग्रहित है।आप सभी के साथ काफी समय व्यतीत हुआ लेकिन समय का पता नहीं चला, यही अपनत्व है।

## शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक के साथ 5 दिवसीय आयोजन जारी

# कथा में राजा दक्ष को श्राप के विषय में सुनाया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर में शिवभक्ति का अनुपम आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार एवं धर्मेन्द्र सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड, आष्टा पर आयोजित यह पांच दिवसीय पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक एवं श्री शिव कथा का कार्यक्रम पंडित अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। द्वितीय दिवस में आज की कथा में आचार्य जी ने बताया कि राजा दक्ष प्रजापति थे और भगवान शिव के ससुर, क्योंकि उनकी पुत्री सती (दक्षायणी) ने भगवान शिव से विवाह किया था। परंतु दक्ष को शिवजी की तपस्वी जीवनशैली, उनका सरल स्वभाव और भौतिक वैभव से दूरी पसंद नहीं थी। इसी कारण उसने भगवान शिव के प्रति अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें श्राप मिला।

प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी देवताओं, ऋषियों और ब्रह्मांड के प्रमुख व्यक्तियों को



आमंत्रित किया, लेकिन जानबूझकर भगवान शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। जब यह समाचार भगवान शिव को मिला, तो वे क्रोधित हो उठे। उन्होंने अपनी जटाओं से वीरभद्र और भद्रकाली को उत्पन्न किया और उन्हें दक्ष के यज्ञ को विध्वंस करने भेजा। वीरभद्र ने यज्ञ को नष्ट कर दिया, देवताओं को परास्त किया और दक्ष का सिर काट दिया। यद्यपि बाद में भगवान शिव का क्रोध शांत हुआ और ब्रह्माजी तथा अन्य देवताओं के निवेदन पर उन्होंने दक्ष को जीवनदान दिया, परंतु उसे बकरी का सिर लगाकर पुनर्जीवित किया गया। यह स्वयं में एक प्रतीकात्मक श्राप था कि जिसने शिव जैसे महादेव का अपमान किया, उसकी पहचान (सिर/गौरव) नष्ट हो गई और उसे पशु के समान स्वरूप में रहना पड़ा। दक्ष को यह श्राप उसके घमंड, शिव के अपमान और पुत्री सती की मृत्यु का कारण बनने के कारण मिला। इस कथा से यह संदेश मिलता है कि अहंकार और ईश्वरीय सत्ता का अपमान विनाश की ओर ले जाता है। रद्धा एवं आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में भक्तजन प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण करते हैं। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक महाअभिषेक सम्पन्न होता है।

इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक पं. अशोक शर्मा जी के मुखारविंद से भगवान शिव की महिमा से भरी श्री शिव कथा का रसपान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगर के श्रद्धालुजन एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पावन श्रावण मास में पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन आयोजक परिवार द्वारा किया गया है। गुरुदेव का स्वागत शीतला माता मंदिर समिति,वैश्य महिला मंडल ,कुशवाह समाज महिला मंडल द्वारा किया गया।इस अवसर पर मोहित भाग्यश्री सोनी, राज रुपाली सोनी, अभिजीत पायल सोनी, नंदिनी सोनी, श्रुति सोनी, रुद्र सोनी, मिराँश सोनी, दिशा सोनी सहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, होटल व्यापारी संघ मेन अध्यक्ष सौरभ शीतल, विधायक प्रतिनिधि उत्थान धरवा, मंजू सोनी, मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

### हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता ने मवेशी के साथ कुकृत्य करने वाले के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक कालू सोनी एफआईआर दर्ज करने कार्यकर्ताओं के साथ पार्वती थाना पहुंचे। जहां एफआईआर में बताया कि में फरियादी कालू सोनी पिता रमेश चंद सोनी उम्र 38 साल निवासी अंजनी नगर आष्टा थाना एवं हमराह तनिष अरोरा और बीरबल उमठ के साथ थाना पार्वती में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कि मैं उक्त पते पर रहता हूं। तथा हिन्दू जागरण मंच का जिला संयोजक हूं।

12 जुलाई को अजात व्यक्ति द्वारा बताया कि दिनांक 8 जुलाई की रात 10 बजे लगभग शासकीय मार्डन डेरी के सामने इंदौर नाका से अलीपुर रोड पर टाईल्स व पत्थर के मंदिर बनाने की दुकान है, उक्त दुकान के पास एक व्यक्ति मवेशी के साथ अप्रकृति कार्य करके उसे यातना पहुंचा रहा था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऐसा बताने पर उक्त दुकान पर पहुंचा और दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में



देखा तो उक्त दुकान के सामने रखे टाईल्स व पत्थर के बीच में बैठी मवेशी के साथ एक व्यक्ति गलत काम करते हुए दिखाई दिया। उक्त दुकान के सीसीटीवी केमरे से वीडियो पेन ड्राईव में ले लिया, जो पेन ड्राइव मेरे पास है। अज्ञात व्यक्ति जो मवेशी के साथ गलत काम करता हुआ दिखाई दे रहा है के विरुद्ध रिपोर्ट करने आया हूं। उक्त व्यक्ति पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आनन फानन में वीडियो में दिखाई दे रहे आरोपी की तलाश शुरू कर दी एवं कुछ ही घंटों में आरोपी रुदन पिता आकाश जाती पारदी निवासी चामसी हाल निवास चांदबड़ली इंद्र कॉलोनी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## 4 गौवंश को छुड़ाया, सारंगपुर के बाद तलेन रास्ते से बढ़ रही तस्करी

# क्रूरता पूर्वक गौवंश का परिवहन करते हुए आयशर गाड़ी जब्त, 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/तलेन

जिले में गौवंश तस्करों पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस की कार्रवाई भी नाकाफी नजर आ रही है। सारंगपुर में गौवंश तस्करी में मौत की बात हो या फिर पचोर-सारंगपुर में मेवात ढाबे पर वीफ मिलने की। इन घटनाओं के बाद भी तस्करों को पुलिस का भय दिखाई नहीं दे रहा, बल्कि उनका काम बदस्तूर जारी है। तलेन में भी शुक्रवार को अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक गोवंश का परिवहन करते हैं एक आयशर ट्रक को जप्त किया है। जिले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। वहीं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर अरविंद सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तलेन निरीक्षक मेहताब सिंह ठाकुर पपपप एवं उनकी टीम ने 4 गोवंश को क्रूरता पूर्वक वध करने के उद्देश्य से ले जाते हुए एक आयशर गाड़ी को रात्रि गस्त के दौरान जप्त किया गया है।

### उगल नदी से पकड़े गए गौवंश तस्कर

11 जुलाई को दौराने रात्रि में फरियादी कि सूचना प्राप्त हुई कि उगल नदी के पुल पर एक आयशर गाड़ी संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। उगल नदी पर थाना तलेन पुलिस ने देखा एक आयशर ट्रक खड़ा दिखा। तलाश किया तो चार व्यक्ति आयशर गाड़ी में बैठे हुए थे तदोपरांत आयशर गाड़ी का पीछे का गेट खोलकर चौक किया तो आयशर गाड़ी नीले रंग की में ठूंस ठूंस कर कूरता पूर्वक गौ-वंश भरे हुए थे जिनको रस्सी से बंधे हुए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि, गौ-वंश को वध करने हेतु परिवहन किया जा रहा था।

पुलिस टीम द्वारा पंचान की मदद से गोवंश को रस्सी काटकर बाहर निकालकर गिनती की तो आयशर ट्रक मे 04 गौ-वंश (केडे)भरे हुये थे आयशर ट्रक क्र. डच 13 रफठ 2726 के चालक का कृत्य धारा 4,6,9,4,6/10गौ-वंश प्रतिषेध अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम, व 66/192,130 (3),177,3,181 मो. व्ही एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाये जाने से पंचानों के समक्ष आयशर एमपी 13 जेडओ रु2726 व 04 नग गौ-वंश को विधिवत में जप्त किया गया। जप्त शुदा गोवंश को गौशाला भिजवाया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध अप.क्रमांक 130/25 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उपरोक्त कार्य में थाना प्रभारी तलेन निरीक्षक मेहताब सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक जितेंद्र चैहान सउनि सुनील मालवीय सउनि प्रदीप शर्मा आर खेमसिंह जाट आर. श्यामलाल चालक गोपाल परमार का योगदान रहा।

# ट्रेजरी से बिलों के भुगतान में भोपाल का बिचौलिया भी था संलिप्त

## गिरफ्तार पार्षद राजेश खरे ने पुलिस को दिए बयान में कबूला



जिला अस्पताल में पौने 2 करोड़ के गबन मामले में लिपिक सहित 5 पर हुई है एफआईआर

**लिपिक पर एफआईआर के बाद भी नजर नहीं आई विभागीय कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में बेरोजगार युवकों को आउटसोर्स से नौकरी का झांसा देने एवं सफाईकर्मियों के वेतन में करीब 1 करोड़ 58 लाख के गबन के खुलासे में आरएमओ ऑफिस के एक लिपिक सहित पांच व्यक्तियों पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। कई सालों से चले आ रहे इस गड़बड़झाले के मामले में आरएमओ ऑफिस के लिपिक संजीव शर्मा पर दो एफआईआर हो चुकी है लेकिन मामले में विभागीय रूप से किसी तरह की कोई कार्यवाही अभी तक देखने नहीं मिली है। जबकि, अन्य विभागों में किसी कर्मचारी पर एफआईआर पंजीबद्ध होने के तुरंत बाद ही उसे सस्पेंड कर दिया जाता है। ऐसे में अपने विभाग के कर्मचारी के बचाव में लगे अधिकारियों की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध नजर आ रही है।

**लिपिक सहित पांच आरोपी हैं रिमांड पर**

जिला अस्पताल में हुए इस बड़े गड़बड़झाले में कोतवाली पुलिस ने आरएमओ कार्यालय के कर्मचारी संजीव शर्मा, प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी के प्रोपराइटर कुलदीप मिश्रा, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खरे, मैनेजर कृष्ण कुमार सहित बायोमेट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना करने वाले रामदयाल गुर्जर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(3), 318(4), 339, 338, 336(3), 340(2), 316(5), 314 अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए कोर्ट से पीआर(पुलिस रिमांड) ली है। इस पीआर अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ में और भी खुलासे होने सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की संलिप्तता की संभावनाएं भी नजर आ रही हैं।

**प्रारंभिक जांच में यह तथ्य आए हैं सामने**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितताओं और फर्जी भर्ती करने वाली प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी द्वारा टेंडर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए बायोमेट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना कर फर्जी खातों में भुगतान दिखाकर शासन से धन प्राप्त कर गबन किया। प्रारंभिक जांच में वर्ष 2016 से चल रहे संगठित षड्यंत्र की पुष्टि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 के बीच प्रथम नेशनल कंपनी हाउसकीपिंग व सामानों के क्रय पर 1 करोड़ 26 लाख 41 हजार का भुगतान दर्शाया है। इस राशि में से सिर्फ 22 लाख के करीब ही वास्तविक भुगतान किया गया है। इस तरह करीब 1 करोड़ 4 लाख की राशि का गबन कर लिया गया। इसी तरह साल 2024-25 में 61 लाख 64 हजार के लगभग का भुगतान दर्शित किया गया जिसमें से महज 7 लाख 73 हजार ही सही भुगतान किया गया एवं 53 लाख 91 हजार रुपए का गबन कर लिया गया। अभी तक की जांच में करीब 1 करोड़ 58 लाख का गबन पकड़ में आया है।

**सिविल सर्जन से चर्चा करेंगे**

मैंने अभी सिविल सर्जन से इस बारे में चर्चा नहीं की है। लिपिक की गिरफ्तारी के 48 घंटे बाद ही हम उन पर कोई कार्यवाही कर सकेंगे। मैं प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर साहब के सम्मुख प्रस्तुत करूंगी।

डॉ. किरण वाडिया,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक माह पूर्व जिला अस्पताल में बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्स से नौकरी का झांसा देने एवं सफाईकर्मियों के वेतन सहित अन्य खरीदी में करीब पौने 2 करोड़ के गबन का मामला सामने आया था। मामले में पुलिस ने आरएमओ ऑफिस के लिपिक संजीव शर्मा, पार्षद राजेश खरे, प्रथम नेशनल कंपनी के संचालक कुलदीप मिश्रा, मेनेजर कृष्ण तिवारी, रामदयाल गुर्जर सहित गबन में संलिप्त अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा ली गई पीआर (पुलिस रिमांड) में पार्षद राजेश खरे ने बताया है कि वो ट्रेजरी से अपने बिलों के भुगतान हेतु कुछ अधिकारियों के बिचौलिए के रूप में काम करने वाले मूलतः भिंड जिला निवासी नीरज गुप्ता नाम के दलाल को भी रिश्वत की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करता था। दलाल गुप्ता के खाते में राशि पहुंचने के बाद ही ट्रेजरी से बिल पास हो पाते थे। पार्षद के बयानों में यह बात सामने आने पर पुलिस ने नीरज गुप्ता को भोपाल से गिरफ्तार करते हुए उसके बैंक खातों की डिटेल निकलवाई है। इसके साथ ही पुलिस ने कोर्ट से नीरज के लिए पीआर ली है जिसके तहत उससे और भी पूछताछ जारी है। इस पूछताछ में कोषालय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी संलिप्तता भी इस गड़बड़झाले में सामने आ सकती है।

### लिपिक पर अभी भी नहीं हुई विभागीय कार्रवाई

आरएमओ कार्यालय के जिस लिपिक संजीव शर्मा का नाम करोड़ों के इस गबन मामले में सामने आया है उन पर एफआईआर दर्ज और जेल जाने के बाद भी अभी तक कोई विभागीय कार्यवाही देखने नहीं मिली है। विभाग के जिम्मेदार अपने कर्मचारी को बचाने के प्रयास में लगे हुए नजर आ रहे हैं।

## गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मना



**माचलपुर।** हिदू धर्म में गुरु पूर्णिमा को महत्वपूर्ण त्योहार और पर्व माना जाता है। यह पर्व सिर्फ हिंदू में ही नही बल्कि बौद्ध और जैन धर्म के लिए भी खास माना जाता है, हिंदू पंचाग के अनुसार शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मानते हैं। इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म भी हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। नगर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में गुरुपूर्णिमा। उत्सव धूमधाम से मनाया गया सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु ने अपने इष्ट देव वा गुरुपूजन के पैर पूजन करने के लिए देव स्थान के निकल गए। नगर के देवरा बल्डी, बाघा बल्डी, गुप्तेश्वर महादेव इमली वाले बालाजी मंदिर पर भी गुरु पूजन कर पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर अनेक मंदिर और गुरू स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।

### पचोर के देहरा जोड़ पर बने ओवर ब्रिज पर हुआ हादसा

## ड्राइवर को झपकी लगने से डिवाइडर से टकराई बोलेरो, 2 मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

एनएच-3 पर पचोर के समीप शनिवार तड़के देहरी जोड़ पर बने ओवर ब्रिज के पास के डिवाइडर से बोलेरो वाहन टकरा गया। हादसे में 1 व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं दूसरे ने राजगढ़ जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल अन्य लोगों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है वहीं 2 घायलों को भोपाल रेफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन का चालक रात भर से ड्राइविंग कर रहा था और अचानक झपकी लगने से यह हादसा हुआ है। पचोर टीआई शंकुतला बामनिया ने बताया कि गुना जिले के बमोरी क्षेत्र के मैदा और माना गांव निवासी 7



लोग बड़वानी जिले में एक पारिवारिक गमी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। इस दौरान ओवर ब्रिज के पास के डिवाइडर से बोलेरो वाहन टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बोलेरो चालक मुकेश पिता गुणाजी उम्र 35 की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पचोर अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देवसिंह बारेला उम्र 40 की भी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

### पांच घायलों का चल रहा इलाज

हादसे में घायल अन्य लोगों में उत्तम सिंह, नैनाबाई, नारूबाई, विजय सिंह, जारूबाई का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है। खबर लिखे जाने तक दो गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किए जाने की कार्यवाही की जा रही थी। उक्त हादसे की सूचना पचोर पुलिस द्वारा गुना निवासी परिजनों को दे दी गई जिसके बाद वे जिला चिकित्सालय एवं पचोर पहुंच गए।

## नाली की समस्या का स्थाई हल नहीं



**जीरापुर।** माचलपुर-सुसनेर नाका पर रायल स्कूल आरा मशीन के सामने तेज बारिश के कारण नाली का निकासी मार्ग नहीं होने पर दुकानों में पानी धुस गया। जानकारी के मुताबिक रायल स्कूल के सामने नगर परिषद की नाली बनी हुई है लेकिन उस नाली को आगे बंद होने से जैसे ही बारिश होती है पानी दुकानों में भर जाता है इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। शुक्रवार सायंकाल को अकस्मात हुई बारिश से यही स्थिति निर्मित हुई इस समस्या से परेशान दुकान मालिक एवं अन्य दुकानदार विधायक हजारीलाल दांगी के पास पहुंचे जहां पर नगर परिषद की लापरवाही एवं अनियमित व्यवस्था की शिकायत दर्ज कराई तथा उक्त जानकारी से सीएमओ हरीओम शर्मा तथा उपयंत्री बृजेश उपाध्याय को सूचित किया। जिनके द्वारा तत्काल मोके पर पहुंच कर उक्त नाली में भरा कचरा मिट्टी निकलवाईं। लेकिन नाली की सफाई उपरांत आगे निकासी नहीं होने से समस्या बनी हुई है। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंदिरा मुंदड़ा ने बताया कि नगर परिषद नाली की समस्या को गंभीरता से नहीं लेकर औपचारिकता पूरी करती है जिससे बार बार परेशानी हमें उठाना पड़ रही है और आर्थिक नुकसान भी हुआ।

### नेवज नदी के पुल के समीप एक पखवाड़े में दूसरा हादसा

## तकनीकी टीम के सुझाव पर जहां बनाए ब्रेकर वहीं पलटा ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

एनएच-52 पर नेवज नदी के बड़े पुल के समीप एक पखवाड़े में दूसरा हादसा हुआ है। शनिवार दोपहर नसीराबाद से माल भरकर रायपुर जा रहा एक ट्रक पुल के थोड़ा आगे जाकर ब्रेकरों के समीप पलट गया। यह ट्रक जिस स्थान पर पलटा है उसी स्थान पर पीडल्यूडी, परिवहन विभाग, ट्रेफिक पुलिस और टोल कंपनी के तकनीकी इंजीनियरों के सुझाव पर स्पीड ब्रेकर बनवाए गए थे। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे-48 जीए-8715 नसीराबाद से चूना लोड कर रायपुर जा रहा था। इस दौरान शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नेवज नदी के बड़े पुल के 100 मीटर आगे बनवाए गए ब्रेकरों के समीप ट्रक असंतुलित होकर पलटी मार गया। गनीमत से दुर्घटना में चालक लोकेश एवं धमेंद्र को मामूली चोट आई हैं।

### स्पीड ब्रेकर बनाने के नियमों पर नहीं दिया ध्यान

दुर्घटना संभावित स्थानों पर तकनीकी टीम के सुझाव अनुसार ढलान पर ब्रेकर तो बनवा दिए गए, लेकिन स्पीड ब्रेकरों के दोनों ओर सफेद लाइन से ब्रेकर के संकेतक नहीं बनवाए गए जिसके चलते वाहन चालकों को ये ब्रेकर नजर ही नहीं आ पाते हैं। इसके साथ ही रात के अंधेरे में स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों को नजर आ जाएं इसके लिए रात्रि में चमकने वाले कैटआई (चमकीली लाइट) का सुझाव भी तकनीकी टीम ने दिया था, लेकिन वे भी ब्रेकरों के समीप नहीं लगाई गई है।

## नरसिंहगढ़ में श्री सर्वेश्वरी समूह का कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहगढ़।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर नरसिंहगढ़ में श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने छोटे महादेव पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें नरसिंहगढ़ के सभी सर्वेश्वरी समुह के सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह बनारस पड़ाव आश्रम के अध्यक्ष गुरुपद बाबा भगवान संभव राम जी की पूजा-अर्चना की गई और उनके विचारों पर चर्चा हुई। जिसमें शामिल होने वाले लोगों में नरसिंहगढ़ सर्वेश्वरी समूह के सदस्य सत्येंद्र सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह जी भदोरिया, डॉक्टर धांसू, ओम प्रकाश सिंह भाटी हिनोति प्राणपाल सिंह राजावत मुआलिय, मयंक प्रताप सिंह युवराज सिंह भाटी जी, अनीश बरन बसु,अभिजीत बसु, अंकित ट्रेलर, आदित्य प्रताप सिंह भदोरिया एवं अन्य लोगों ने शामिल होकर समूह की आने वाली सामाजिक गतिविधियों के बारे में चर्चा करी कार्यक्रम का आयोजन श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भोपाल खंड नरसिंहगढ़ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर रिषिवेली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य लता साहू, और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के बाद, सभी ने महाप्रभु गुरुपद भगवान संभव राम बाबा और अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान अवधूत राम बाबा की आरती की और भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## साहित्यकार कमला प्रसाद से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार 90 वर्षीय कमला प्रसाद भारतीय मानव के घर पत्रकार रमेश मालवीय और महेश त्रिवेदी ने भेंट की एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। भारतीय मानव ने अपनी पुस्तक अक्षरों की दीपमाला द्वितीय संस्करण उन्हें भेंट की।

## एएसआईएससी ग्वालियर जोन स्पर्धा में प्रोग्रेसिव हाइट्स ब्यावरा में प्रतिभाओं का संगम

### आईसीएससी स्कूलों के छात्रों की दमदार प्रस्तुति



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल ब्यावर में एएसआईएससी के तत्वावधान में आईसीएससी जोनल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्वालियर जोन के अंतर्गत हुआ, जिसमें जोन के पबेम स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में अनेक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां जैसे पेंटिंग रचनात्मक लेखन डिक्लेमेशन (भाव-भाषण) वाद-विवाद क्विज आदि कराई गई। इन प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी मौलिकता, आत्मविश्वास, भाषा-कौशल और तर्कशक्ति से सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित और अनुशासित रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुआयामी मंच प्रदान करना था ताकि वे सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकें।कार्यक्रम के समापन पर अतिथि गण किरण उपाध्याय, आरती मंगल शादमा खान, नेहा शर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र और विजेताओं को ट्रॉफियां एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

### तंवरवाड़ बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामों में चल रहे जन-जागरुकता अभियान

# बदलाव की पहल: संविधान, शिक्षा, स्वच्छता और संवैधानिक मूल्यों पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

टांडीकला पंचायत के सेमली गांव में संविधान, शिक्षा और व्यक्तिगत स्वच्छता विषयों पर केंद्रित एक विशेष जन-जागरुकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, किशोरियों, युवाओं और बच्चों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्धेश्यिका के सामूहिक वाचन से की गई जिसके तहत स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और गरिमा जैसे मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। पीस वॉलेंटियर खुशी भलवाला ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के उज्जवल भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि संविधान ने प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान किया है, और यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। वहीं पीस वॉलेंटियर जिया मेवाडे ने बाजतलाई में व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय पर भी चर्चा की जिसमें उन्होंने साफ-सफाई




को केवल स्वास्थ्य नहीं बल्कि संवैधानिक गरिमा और आत्म-सम्मान से जोड़कर प्रस्तुत किया। महिलाओं और किशोरियों के साथ विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, हाथ धोने की आदत और घरेलू सफाई पर खुलकर संवाद हुआ। युवाओं ने अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान पर चर्चा की।

### विद्यालय न जाने वाले बच्चों को किया चिन्हित

युवाओं के साथ संवाद के दौरान उन्हें संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों, विशेषकर पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी की याद दिलाई गई। इस क्रम में युवाओं ने गांव में सफाई अभियान, दीवार लेखन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरुकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वहीं बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वच्छ और सुंदर समाज की अपनी कल्पना को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ऐसे बच्चों की पहचान की गई जो नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा रहे हैं या जिनकी पढ़ाई बीच में छूट गई है। ऐसे बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।